
तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 15 अगस्त 2025



स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के लिये लगाया था सबकुछ दांव पर : जैन




# चलाया जांच अभियान, भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से पहुंचाया गया

## स्वतंत्रता दिवस पर लगातार सतर्कता बरत रही है सोनीपत पुलिस

### आईबी, गुप्तचर विभाग व पुलिस की टीमों ने चलाया जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिला पुलिस सतर्कता बरत रही है। इसी वजह से गुप्तचर विभाग, आईबी व पुलिस की टीमें लगातार जांच अभियान चला रही हैं। जिसके तहत वीरवार को भी होटल व ढाबों में जांच अभियान चलाया गया। इसके साथ ही देर शाम दिल्ली में भारी वाहनों को जाने से रोक दिया गया। हाईवे पर जाम की स्थिति न बने इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए। पुलिस ने अलग-अलग मार्गों से वाहनों को बाहरी दिल्ली की तरफ रवाना किया। जहां से उन्हें गंतव्य की तरफ भेजा गया।

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। पुलिस ने होटलों में रजिस्टर को चैक किया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने बताया कि होटल संचालकों को आदेश दिए गए हैं कि वह उनके पास ठहरने वाले लोगों की एंट्री रजिस्टर में जरूर करें और बगैर पहचान पत्र किसी को भी होटल का कमरा ना दें। पुलिस सडक़ों पर रहकर संदिग्धों की जांच करती रही। उन्होंने कहा कि हर वाहन की गहनता से जांच कर ही आगे जाने दिया जा रहा है। इसके लिए 31 नाके लगाए गए हैं। रात भर पुलिस, राइडर, पीसीआर व डॉयल-112 की टीम वाहनों की जांच करती रही।

#### यहां से डायवर्ट किए गए वाहन

- बड़ी थाना पुलिस ने जीटी रोड गन्नौर फ्लाईओवर के साथ नाका लगाकर पानीपत की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को गन्नौर होते हुए खुबड़ू झाल की तरफ मोड़ दिया।
- थाना मुरथल पुलिस ने गोहाना बाईपास फ्लाईओवर के साथ नाका लगाकर पानीपत की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को दिल्ली की ओर नहीं जाने दिया। उन्हें वाया सोनीपत पैरलल नहरों के रास्ते निकाला गया।
- थाना बहालगढ़ पुलिस ने चौक पर नाका लगाकर यूपी की तरफ से आकर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को वाया सोनीपत पैरलल नहर के बीच मार्ग से गुजारा।
- थाना कुंडली पुलिस ने वाहनों को दिल्ली में नहीं जाने दिया।
- थाना खरखौदा पुलिस ने दिल्ली चौक पर नाका लगाकर वाहनों को दिल्ली की तरफ नहीं जाने दिया। खरखौदा-सांपला रोड से निकाला।

#### रोक दिया गया दिल्ली में प्रवेश

दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश वीरवार शाम छह बजे से रोक दिया गया। ऐसे में वाहनों को गन्नौर, मुरथल व बहालगढ़ से रूट डायवर्ट कर निकाला गया। पुलिस ने इसके लिए पानीपत पुलिस से भी मदद ली। नेशनल हाईवे से दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश रोकने से चालक ट्रकों को सडक़ किनारे खड़े कर देते थे। इससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। इस बार पुलिस आयुक्त ने पहले ही रूट मैप जारी कर दिया था। देर रात तक हाईवे पर जाम की स्थिति दिखाई नहीं दी। भारी वाहनों को हाईवे पर कुंडली बॉर्डर तक जाने ही नहीं दिया गया।

#### सुरक्षा को लेकर व्यापक कदम उठाए

*स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा को लेकर व्यापक कदम उठाए गए हैं। सुरक्षा में किसी तरह की कोताही सहन नहीं होगी। वाहनों को रोककर जांच के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश से रोक के चलते उनके रूट पहले से ही डायवर्ट कर दिए गए थे।*

***-नरेंद्र कादियान, पुलिस उपायुक्त सोनीपत***

# किशोरी से दुष्कर्मी को 10 साल की कैद, 38 हजार का जुर्माना

सोनीपत। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 10 साल कैद व 38 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि में से 30 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश किए गए हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी महिला ने 21 अप्रैल, 2024 को पुलिस को बताया था कि वह अपनी बहन के साथ रहती हैं और नौकरी करती है। 20 अप्रैल, 2024 को वह ड्यूटी ने घर आई तो देखा कि उनकी 16 वर्षीय बेटी घर पर नहीं थी। उनकी बहन ने बताया था कि बेटी बाजार से सामान ले गई है। उन्होंने बेटी की तलाश की, लेकिन पता नहीं लगा। जिस पर पुलिस को शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। बाद में पता लगा कि किशोरी की मुलाकात सुशील से हुई थी। वह उसे पहले से जानती थी। किशोरी ने उसे बताया कि सुशील को उन्होंने अपनी बहन के पास छोड़ने को कहा था। आरोपी उसे सोनीपत से दिल्ली ले गय था। बाद में सोनीपत लेकर आया था। आरोपी ने एक पार्क में उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी बाद में उसे छोड़कर भाग गया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी मूलरूप से राजस्थान के गुलापुर हॉल दिल्ली कैंप सोनीपत निवासी सुशील को अदालत में पेश किया गया।

# स्कूल बसों की सघन जांच, 52 बसों के चालान

सोनीपत। सोनीपत में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जिले में स्कूल बसों की सघन जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीमों ने एक साथ कई स्थानों पर नाकाबंदी कर बसों को रोका और उनकी गहन जांच की। जांच के दौरान बसों की फिटनेस, चालक के लाइसेंस व अन्य दस्तावेज, सुरक्षा मानकों का अनुपालन, अग्निशमन उपकरण की उपलब्धता, स्पीड गवर्नर की कार्यशीलता, प्राथमिक उपचार किट की मौजूदगी और बस में बच्चों के बैठने की सुरक्षित व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। अभियान में कुल 52 बसों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इनमें कई बसें फिटनेस प्रमाणपत्र के बिना पाई गईं, कुछ में अग्निशमन यंत्र अनुपस्थित थे, वहीं कई बसों में स्पीड गवर्नर खराब मिले। कुछ बसों में बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से बैठने की व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं थी। इन उल्लंघनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटते हुए कुल 26 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल प्रबंधन और बस चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।









## बहालगढ़ में निकाली गई तिरंगा यात्रा



राई। विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में बहालगढ़ में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। यात्रा में देशभक्ति और एकता के संदेश के दिया। यात्रा का शुभारंभ विधायक कृष्णा गहलावत ने देशभक्ति से ओतप्रोत जयकारे लगाकर किया। यात्रा अंगूरी देवी हॉस्पिटल से शुरू हो कर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए रामा हॉस्पिटल पर समाप्त हुई ।



















तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 15 अगस्त 2025

### गांव भैरा बांकीपुर में श्रीमद्भागवत सप्ताह का भव्य उद्घाटन, कलश यात्रा निकाली गई

राई। गांव भैरा बांकीपुर में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभपर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्रीमद्भागवत सप्ताह धार्मिक और सांस्कृतिक समर्पण का प्रतीक है, और इसे लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा का नेतृत्व सरपंच जयराम शर्मा ने किया।



# स्वतंत्रता दिवस विशेषांक: गन्नौर-राई




























# संविधान विरोधी कार्यों नहीं होंगे बर्दाश्त दिवान

**सोनीपत।** कांग्रेस के नवनियुक्त शहरी जिलाध्यक्ष कमल दीवान एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से सुभाष चौक तक चुनाव आयोग और भाजपा द्वारा किए गए वोट चोरी के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। कमल दिवान ने कहा कि राहुल गांधी का यह अभियान अब राष्ट्रीय अभियान और



आन्दोलन बन गया है। अब किसी भी सूरत में देश के लोकतन्त्र और संविधान विरोधी कार्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा ने कहा कि राहुल गांधी ने इस बार चोरों की गर्दन पर हाथ डाला है और सारा इंडिया गठबन्धन उनके साथ खड़ा है। इस दौरान कार्यालय प्रभारी प्रेमनारायण गुप्ता, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, जयभगवान आन्तिल, सेवादल जिलाध्यक्ष ईसाक मदार मौजूद रहे।



# नेशनल बॉक्सिंग में सुनैना और तनिश ने जीते स्वर्ण पदक

- नोएडा में 6 से 9 अगस्त तक किया गया आयोजन।

**सोनीपत।** ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में 6 अगस्त से 13 अगस्त 2025 तक आयोजित अंडर-15 सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिटल एंजलस बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि 61 किलो भारवर्ग में खेलते हुए सुनैना ने अपने सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में पंजाब की इश्मीत कौर को और फ़ाइनल मुक़ाबले में तमिलनाडु की स्वास्तिका को मात देकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं +70 किलो भारवर्ग खेलते हुए तनिश दहिया ने अपने सेमीफ़ाइनल मुकाबले में दिल्ली के वीरेन को और फ़ाइनल मुक़ाबले में पंजाब के मानवीर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह जीत खिलाड़ियों की रोज़ाना कड़ी मेहनत व अनुशासन का नतीजा है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सुनैना व तनिश दहिया को बधाई दी।







